Ans. (c) : चित्रकला के अपभ्रंश शैली के ऐसे चित्रकार जो गुजरात से आकर बांगड़ व छप्पन के भाग में आकर बस गये, वे सोमपुरा कहलाये जाने लगे। राणा कुम्भा के समय शिल्पी मुंडन ऐसे ही सोमपुरा चित्रकार थे।

103. मल्लीनाथ पशु मेला, तिलवाड़ा आयोजित किया जाता है-

(a) माघ माह में (b) आश्विन माह में
(c) चैत्र माह में (d) श्रावण माह में

Agriculture Superviser 2021

Ans. (c) : राजस्थान के तिलवाड़ा में मल्लीनाथ पशु मेला प्रतिवर्ष चैत्र बूड़ी एकादशी से चैत्र सुदी एकादशी (मार्च-अप्रैल) तक बाड़मेर जिले में आयोजित किया जाता है। यह प्रसिद्ध मेला एक स्थानीय नायक रावल मल्लीनाथ को समर्पित है। इस मेले में विभिन्न नस्ल के पशुओं का क्रय-विक्रय किया जाता है।

104. जोधपुर का स्थान, जो छतरियों और प्राचीन राजाओं के उद्यानों के लिए प्रसिद्ध है–

(a) ओसियां (b) लूनी
(c) मंडोर (d) जसवंत थड़ा

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : जोधपुर का मंडोर छतरियों और प्राचीन राजाओं के उद्यानों के लिए प्रसिद्ध है। मंडोर का प्राचीन नाम माण्डव्य था। 15वीं शताब्दी में जोधपुर नगर की स्थापना तक यह मारवाड़ राज्य की राजधानी रहा। मंडोर में जसवंत द्वितीय के पूर्व के शासकों की छतरियां हैं। यहाँ सबसे बड़ी छतरी अजित सिंह की है।

105. निम्न में से किस क्षेत्र में ढूँढाड़ी भाषा प्रधानता से बोली जाती है?

(a) शेखावाटी (b) सीकर
(c) उदयपुर (d) जयपुर

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (d) : उत्तरी जयपुर को छोड़कर शेष जयपुर, किशनगढ़, टोंक व अजमेर के पूर्वी अंचलों में ढूँढाड़ी भाषा प्रधानता से बोली जाती है। इस पर गुजराती, मारवाड़ी एवं ब्रजभाषा का प्रभाव समान रूप से मिलता है। इस बोली को जयपुरी या झाड़शाही भी कहा जाता है। संत दादू एवं उनके शिष्यों ने इसी भाषा में रचनाएँ की है।

106. मेवाती बोली से सम्बन्धित जिला कौनसा है?

(a) अजमेर (b) अलवर
(c) कोटा (d) सीकर

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (b) : अलवर एवं भरतपुर जिलों का क्षेत्र मेव जाति की बहुलता के कारण मेवात के नाम से जाना जाता है। अतः यहाँ की बोली मेवाती कहलाती है। अलवर जिले की किशनगढ़ तिजारा, रामगढ़, गोविन्दगढ़ तहसीलों में बोली जाती है। मेवाती पश्चिमी हिन्दी एवं राजस्थानी के मध्य सेतु का कार्य करती है।

107. 'वंश भास्कर' के रचयिता कौन है?

(a) श्यामल दास (b) सूर्यमल्ल मिश्रण
(c) जयानक (d) मुंशी देवी प्रसाद

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (b) – वंश भास्कर सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा रचित राजस्थान के इतिहास से सम्बन्धित ऐतिहासिक पिंगल काव्य संग्रह है।

108. बलवद विलास की रचना किसने की है?

(a) जेम्स टॉड (b) मुहनोत नैनसी
(c) दयालदास (d) सूर्यमल मिसन

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) – बलवद विलास सूर्यमल मिसन की रचना है। इनकी अन्य रचनाएँ राम रंजत, वीर सत्सई व वंश भास्कर है।

109. निम्न में से कौन -सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) वीर सतसई : सूर्यमल्ल मिसण
(b) कुवलयमालाः सोम सूरी
(c) पृथ्वीराज विजयः जयानक
(d) हम्मीर महाकाव्यः नयनचन्द्र सूरी

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (b) – कुवलयमाला उद्योतन सूरी की रचना है। 779 ई0 में उद्योतन सूरी ने काव्य शैली में गद्य और पद्य के मिश्रित रूप में लिखे गये एक लम्बे उपन्यास की रचना की। कुवलयमाला का अर्थ है ब्लू वाटर लिली की माला। अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

110. तेरहताली नृत्य किस लोक देवता के सम्मान में किया जाता है?

(a) मल्लीनाथजी (b) रामदेवजी
(c) तेजाजी (d) गोगाजी

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) – तेरहताली नृत्य में मंजीरा, तानपुर व चौतारा वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया जाता है। नर्तकियाँ ध्वनी की लय को सुनने के पश्चात बैठकर नृत्य करती है। इसमें तेरह मंजीरों की आवश्यकता होती है, जिसमें से नौ मंजीरे दायें पाँव पर, दो हाथों की कोहनी के ऊपर और एक-एक दोनों हाथों में होता हैं हाथ वाले मंजीरे के टकराने से ध्वनी होती है। यह नृत्य मुख्य रूप से रामदेव जी के मेले में देखने को मिलता है। यह नृत्य कामड जाति द्वारा किया जाता है।

111. कोटा के किस शासक के काल को कोटा स्कूल की चित्रशैली का उत्कृष्ट काल माना जा सकता है?

(a) महाराव शत्रुसालसिंह-I
(b) महाराव किशोरसिंह
(c) महाराव उम्मेदसिंह-I
(d) महारव शत्रुसालसिंह-II

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (c) : महाराव उम्मेदसिंह प्रथम का काल कोटा की चित्रशैली का उत्कृष्ट काल माना जाता है। कोटा चित्रकला के उत्कृष्ट उदाहरण आखेट वाले दृश्य चित्र है। कोटा शैली को स्थापित करने का श्रेय महाराजा रामसिंह को है। कोटा की चित्रकला के भू-दृश्यों के अंकन में पूर्ण सहजता दृष्टिगोचर होती है।

112. प्रसिद्ध पेंटिंग ''गीत गोविंद'' किस शैली से संबंधित है?

(a) मेवाड़ शैली (b) कोटा शैली
(c) मारवाड़ शैली (d) जयपुर शैली

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018
RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I